# डॉ. सुधीर मेहता

डॉ. सुधीर मेहता भारत की प्रमुख ऑटोमोटिव उत्पाद और विशेष वाहन कंपनी, पिनेकल इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक होने के अलावा एक निरंतर नवप्रवर्तक उद्यमी और स्तंभलेखक- हैं। ये मित्सुई कंपनी लिमिटेड (जापान) और वीडीएल ग्रूप (नीदरलैंड) के साथ संयुक्त इक्विटी और साझेदारी वाली वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन और प्रौद्योगिकी कंपनी ईकेए मोबिलिटी के संस्थापक भी हैं। इन्होंने कई उपक्रम शुरू किए और सफलतापूर्वक उनका नेतृत्व किया। इनकी कंपनियों के समूह में वैश्विक स्तर पर 3500 से अधिक लोग कार्यरत हैं। इनके पास डेपॉव विश्वविद्यालय, यूएसए से स्नातक की डिग्री और शिकागो विश्वविद्यालय, यूएसए से एमबीए है। ये रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी (आरएमपी) की प्रबंध समिति के सदस्य, नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च सेंटर (एनएफपीआरसी) के सलाहकार और कोविड-19/सहयोगी प्रतिक्रिया (पीपीसीआर) फाउंडेशन के पुणे प्लेटफॉर्म के प्रमुख और समन्वयक भी हैं।